सत्र - 2018-19

अपना भोपाल

पीपुल्स समाचार

भोपाल, शनिवार 16 फरवरी 2019

पारंपरिक खेलकूद के साथ बौद्धिक सत्र का आयोजन

रैली के माध्यम से एनएसएस के वॉलेंटियर्स ने दिया स्वच्छता का संदेश

आईएम भोपाल • रिपोर्टर

iambhopalofficial@gmail.com

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गांव कोड़ियां में चल रहे शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया। दैनिक कार्य योजना के अनुरूप स्वयंसेवकों ने श्रमदान करके श्रम के प्रति सम्मान के भाव को विकसित किया, कार्यक्रम में आज मुख्य अतिथि दृष्टि संगठन के प्रमुख एवं अभिषेक अज्ञानी रहे। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की संस्कृति वसुदेव कुटुंबकम की है।

ने कभी नहीं कहा कि यह देश मेरा ही है, विश्व के विभिन्न शरणार्थियों को हमने अपने घर में पनाह दी है, यह हमारे देश की ही संस्कृति है कि आज कोई व्यक्ति जेब में बिना पैसा लिए भी पूरा देश में घूम सकता है। अज्ञानी ने व्यसन और नशे से दूर रहने की हिदायत युवाओं को दी।

कार्यक्रम में शिविर संचालक डॉ. आरएस नरवरिया, डॉ. आरपी शाक्य, स्वयंसेवक शुभम चौहान, उत्कर्ष गुप्ता, अभिजीत खरे उपस्थित रहे।

16 नवदुनिया

भोपाल, शनिवार 16 फरवरी 2019

रैली के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

भोपाल।(नरि)। शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गांव कोड़ियां में चल रहे शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दृष्टि संगठन के प्रमुख प्रिंस अभिषेक अज्ञानी थे। इस मौके पर शिविर संचालक डॉ. आरएस नरवरिया, डॉ.आरपी शाक्य, स्वयंसेवक शुभम चौहान थे।

नवभारत

2 भोपाल, गुरुवार, 21 फरवरी, 2019

एनएसएस शिविर का हुआ समापन

भोपाल, 20 फरवरी. राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा 13 से 19 फरवरी तक ग्राम कोड़ियां (रातीबड़) में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरण के साथ किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी लोकेश जांगिड़ रहें. उन्होंने कहा कि मैं भी एनएसएस का वालेंटियर्स रहा हूं और इसी बीच समाज में कुछ करने का भाव मेरे अंदर जाग्रत हुआ और आज मैं उसी सेवा के माध्यम से समुदाय के बीच में काम कर रहा हूं.

city भास्कर BHOPAL, THURSDAY, 21/02/2019 . 18

स्वच्छता समेत कई मसलों पर लोगों को किया जागरूक

सात दिनों के एनएसएस कैंप का समापन

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

हमीदिया महाविद्यालय के एनएसएस कैंप का समापन बुधवार को हुआ। सात दिनों के इस कैंप में शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना समूह की ओर से रातीबड़ के कोडियां गांव में एक्टिविटीज आयोजित की गईं। कैंप में स्वच्छता समेत कई मसलों पर लोगों को जागरूक किया गया। शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि रहे भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी लोकेश जांगिड़। उन्होंने कहा, मैं भी एनएसएस का वॉलेंटियर रहा हूं और इसी बीच समाज में कुछ करने का भाव मेरे अंदर जागृत हुआ और आज मैं उसी सेवा के माध्यम से समुदाय के बीच में काम कर रहा हूं। सामुदायिक सेवा कैंप तक सीमित नहीं होना चाहिए, कैंप से जाने के बाद भी गांवों के लोगों से जुड़कर हमें उनकी समस्याओं को हल करने में मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर डॉ. आरएस नरवरिया, डॉ.अजय कुमार घोष और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरपी शाक्य को प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया।